Need to set up SAI Centers and educational institutions in Phulpur Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh -Laid

श्री प्रवीण पटेल **(**फूलपुर**) :** मैं लोकसभा फूलपुर से चुनकर आया हूँ । यहाँ प्रयागराज में केंद्रीय विद्यालय होने के नाते शिक्षा को लेकर एक बड़ा माहात्म्य है और साथ ही यहाँ के युवाओं में देश के प्रति कुछ बेहतर करने की जिजीविषा भी है । मेरे प्रधानमंत्री जी द्वारा खेलों इंडिया और फिट इंडिया जैसे मुहिम को जनता का काफ़ी बल मिला और तब से लोगो में इसके प्रति एक अलग ही जागरूकता का प्रकाश फैला है । इसी क्रम में आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है मेरे लोकसभा क्षेत्र फूलपुर (उत्तर प्रदेश) में साई केंद्र और शैक्षणिक संस्थान खोले जाने की कृपा करे । इससे मेरे क्षेत्र के युवाओ को बेहतर भविष्य की ना केवल जीव मिलेगी बल्कि करियर में काफ़ी विकल्प उपलबद्ध होगें साथ ही उक्त मुहिम को साकार करने में काफ़ी बल मिलेगा ।